दिन– बुधवार दिनांक– 10 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। श्री मोदी ने छब्बीस मई दो हजार चौदह को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने पहली बार तेरह मई उन्नीस सौ बावन को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और सत्ताईस मई उन्नीस सौ चौंसठ तक पद पर रहे। पंडित नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल चार हजार तीन सौ अंठानवे दिनों का था। छब्बीस मई दो हजार चौदह से आज दस जून दो हजार छब्बीस तक, प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर कार्यकाल अब चार हजार तीन सौ निन्यानवे दिनों का हो गया है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर देश की जनता का उनके नेतृत्व में अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के कार्यकाल में शासन, आर्थिक दृढ़ता और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में दूरगामी प्रगति हुई है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार दो कार्यकाल तक सबसे लंबी अवधि में निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान, सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में श्री चौधरी ने कहा कि उनके कार्यकाल में भारत के साथ–साथ बिहार ने भी नई ऊंचाईयों को छुआ है।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बिहार को श्री मोदी का मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहेगा।

——————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के चौरानवे लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में लगभग ग्यारह सौ करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। श्री चौधरी आज नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत यह राशि अंतरित की। इ स अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि चार सौ रुपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। श्री चौधरी ने साठ वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र लोगों से शीघ्र आवेदन करने तथा आधार लिंक नहीं होने के कारण पेंशन से वंचित लाभुकों से जल्द आधार लिंक कराने की अपील की।

——————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाले में भवन निर्माण विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता तारिणी दास, वित्त विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी और बुडको के कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास पिछले दिनों ग्यारह करोड़ तिरेपन लाख रुपये से अधिक की राशि जब्त की गयी थी। इकाई ने इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उन झूठी खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई इस महीने की तीस तारीख से कागजी नोटों को बंद करके उनकी जगह प्लास्टिक नोटों का प्रचलन शुरू कर देगा। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताया है। पीआईबी ने स्पष्ट किया है कि आरबीआई के अनुसार, इस महीने के अंत तक कागजी नोटों को बंद करने या उनकी जगह प्लास्टिक नोटों का प्रचलन शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

——————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान अररिया, कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल, मधेपुरा और सहरसा जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के टेढ़ागाछ में सबसे अधिक सत्तावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।